# गोवंश के अवशेष मिलने पर कांग्रेस का मौन धरना

**महापौर से इस्तीफे की मांग**



**देवास।** शंकरगढ़ के पास नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड में मृत गोवंश के बिखरे पड़े अवशेष मिलने के विरोध में शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में मौन धरना दिया गया।

विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। देवास से लेकर दिल्ली तक सरकार होने के बावजूद ट्रेंचिंग ग्राउंड पर मृत गोवंश की खाल निकालकर बेचे जाने और हड्डियां बेचे जाने जैसी घृणित घटना सामने आई है। इसके बावजूद महापौर गीता अग्रवाल ने अब तक कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि निगम आयुक्त ने दोषी अधिकारी और कर्मचारी को निलंबित कर दिया है, लेकिन विधायक और सांसद ने भी इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इतनी गंभीर घटना पर जनप्रतिनिधियों का मौन रहना समझ से परे है। उन्होंने मांग की कि महापौर गीता अग्रवाल शीघ्र माफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें। साथ ही जिला प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेकर भविष्य में ऐसी अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि एक वीडियो में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल यह कहते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने आयुक्त को आदेश दे दिए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि उन्हें ऐसा कौन सा अधिकार प्राप्त है, जिसके तहत वे आयुक्त को आदेश दे रहे हैं।

नगर निगम नियमों के विपरीत कार्य कर रही है। गाय हमारी माता है का नारा देने वाले भारतीय जनता पार्टी के लोग उसकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने नगर निगम से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। धरने में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, शौकत हुसैन, सुधीर शर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, नजर शेख, नरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह गौड़, मुकेश पटेल, इम्तियाज शेख, भल्लू दिलीप सिंह बजेपुर, विक्रम पटेल, अनिल गोस्वामी, रवि चौधरी, शाहजी हाशमी, कान्हा पटेल, नरेश बैरागी, कुद्दूस शेख, विशाल यादव, गजेंद्र तोमर, रितेश सांगते, निलेश वर्मा, धीरज कल्याणे, बाबूलाल गुजराती, खलील अहमद शेख, मयंक जैन, स्पर्श तिवारी, गौरव जोशी, अविनाश जेठवा, मिर्जा कबीर बेग, राजा परिहार, शुभम चौधरी, अपूर्व मंडल, अजय चौधरी, राजा पड़ियार, मुरलीधर गुप्ता, शाहिद ठेकेदार, सुभाष वर्मा, कमलेश गुप्ता, अनस मंसूरी, विजय चौहान, महेंद्र धारू, तोसिफ पठान, सलमान बेग, राम परमार, आलोक कुमार, मलखान सिंह सिसोदिया, विशाल भाटिया, ईश्वर हरोड़े, आनंद मराठा, अनिकेत अग्रवाल, विशाल भाटिया, दीपेश हरोड़े, कैलाश वर्मा, राजेश तंवर, डेनी पहलवान, भारत सिंह, सुरेश कुमावत, नयन पटेल, विशाल मारू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश कल्याणे ने व्यक्त किया।

# ओशो होली महोत्सव पर चार दिवसीय ध्यान शिविर आज से

**देवास।** स्वामी योगेन्द्र भारती एवं नवीन सोलंकी ने बताया कि होली जीवन के रूपांतरण का त्यौहार है, होली नवजीवन का त्यौहार है, होली बसंत का त्यौहार है, होली रंगों का प्रतीक है, हर रंग की अलग अलग उर्जा होती है, होली नृत्य एवं संगीत का त्यौहार है, पूरा ब्रह्माण्ड ऊर्जा से भरा हुआ है।

ऊर्जा एक रूप से दूसरे रूप में बदल जाती है जब हम खुश होते है तो बदल जाती है, जब काम, क्रोध, मोह लोभ से ग्रसित होते है तब उर्जा बदल जाती है। पूर्णिमा के दिन पानी पर गहरा प्रभाव पडता है, मनुष्य का शरीर 70 प्रतिशत पानी से भरा है इसलिए इसका आपके शरीर पर भी गहरा प्रभाव पडता है। इसलिए इंदौर उज्जैन रोड स्थित तक्षशीला स्कूल के पीछे ओशो महांकाल धाम आश्रम पर चार दिवसीय ध्यान शिविर 28 फरवरी शाम 6 बजे से



4 मार्च दोपहर तक थेरेपिस्ट मां प्रेम अंजी कच्छ गुजरात के दिव्य संचालन आयोजित हो रहा है। अद्भुत रंगों की यात्रा, नव बसंत के आगमन व ब्रह्माण्ड की उर्जा की गहराई में उतरने के लिए स्वामी बोधि निजेन, स्वामी बोधि सागर, मां दिव्याम कांता, मां प्रेम उपासना, मां प्रेम अन्जु, स्वामी बसंत कटारे, स्वामी विनय पाल स्वामी हर्षद नागर, मां प्रेम आरती ने सहभागिता के लिए आग्रह किया।

## एक नजर में

### राजा भाऊ महाकाल महाविद्यालय में अव्यवस्था

**सोनकच्छ।** क्षेत्र के एक मात्र महाविद्यालय में नगर व आस पास के ग्रामीणों से शिक्षा प्राप्त करने के लिए बालक बालिकाएं दूर दुर से आते है। पालकगण अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा और सुरक्षा की आस में कॉलेज व्यवस्था पर निर्भर रहते है। लेकिन महाविद्यालय में अव्यवस्था ने सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिये। बीते दिनों ग्राम भागसरा के पोपसिह नागर ने महाविद्यालय प्राचार्य को एक आवेदन दिया था। आवेदन में पोपसिह ने बताया कि सुकी बालिका राजाभाऊ महाकाल महाविद्यालय सोनकच्छ में पढ़ने आती है। बीते दिनों कॉलेज परिसर में उसकी स्कूटी का किसी अज्ञात लड़के ने लॉक तोड़ना चाहा लॉक नहीं टूटा तो स्कूटी में तोड़ फोड कर गाड़ी फेक दी। जब तोड़ फोड करने की जानकारी प्राचार्य को दी गई तो उन्होंने बात को टाल दिया। असंतुष्ट हो कर पोप सिंह ने एक आवेदन सोनकच्छ पुलिस थाने पर दिया। जिसके बाद पुलिस जांच में कुछ सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। आवेदनकर्ता की बालिका ने बताया कि कॉलेज परिसर में आवारा लोग बिना परमिशन के बे वजह घूमते रहते हैं और लड़कियों को देख अश्लील हरकते करते हैं। कॉलेज परिसर में सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। सिक्युरिटी गार्ड भी नहीं है। हर कोई मनचाहे जब कॉलेज परिसर में घुस जाता हैं। आवेदनकर्ता ने मांग की है कि कॉलेज परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाए ओर असामाजिक तत्वों और आवारा लोगों को परिसर में घुसने पर प्रतिबंध लगाया जाए। मामले को लेकर प्राचार्या अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि, हमारे कैंपस में इस तरह की घटना नही होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि एक- दो सीसीटीवी कैमरे बंद है।

### हत्या का आरोपी सबूतों के अभाव में हुआ बरी

**बागली।** विगत ढाई वर्ष पूर्व बागली सब डिवीजन अंतर्गत। उदय नगर थाना क्षेत्र में पति द्वारा ही पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या की सन सनी खेज घटना सोशल मीडिया सहित आम लोगों के लिए चर्चा का विषय बनी थी। उक्त बहुचर्चित मामले में बागली न्यायालय ने आरोपी पति को संदेह का लाभ देते हुए हाल ही में दोषमुक्त कर दिया। यह फैसला द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बागली की अदालत द्वारा सुनाया गया। उदय नगर पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरण के अनुसार सादरिया मोहल्ला, सीतापुरी निवासी सुमु उर्फ सोमा आत्मज ढुडला बारेला (52) पर अपनी ही ब्यहाता पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने का आरोप लगा था जिसके तहत उक्त व्यक्ति के विरुद्ध उदय नगर थानेमें धारा 302 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज कर विचारण किया इस दौरान उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और जेल से ही उसका केस आगे चला रहा। बागली न्यायालय में इस बहुचर्चित मामले की सुनवाई चली लंबी तारीखे और बहस के दौरान पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपी के विरुद्ध आरोपों को युक्ति युक्त संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा। पर्याप्त और ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं होने के कारण बागली न्यायालय ने आरोपी पति को पत्नी की हत्याके के दोष से मुक्त कर उक्त व्यक्ति को स्वतंत्र करने का आदेश दिया। इसके साथ ही अदालत ने यह भी निर्देश दिए कि आरोपी फिलहाल अभिरक्षा में होने के कारण उसकी तत्काल रिहाई की जाए तथा अभिरक्षा अवधि का प्रमाण पत्र तैयार किया जाए। साथ ही प्रकरण में जप्त संपत्ति मूल्यहीन होने से अपील अवधि पूर्ण होने के बाद, अपील न होने की स्थिति में उसे नष्ट करने के निर्देश दिए गए। न्यायालय ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 365 के तहत निर्णय की प्रति जिला मजिस्ट्रेट देवास को भेजने के आदेश भी दिए।आरोपी की तरफ से पूरे प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता प्रभु लाल डोडावे द्वारा की गई।

# स्टेशनरी एण्ड वेलफेयर एसो ने दिया कलेक्टर के नाम ज्ञापन

**सीबीएसई स्कूल में एनसीईआरटी पुस्तकें एवं एमपी बोर्ड स्कूलों में माध्यमिक पाठ्यपुस्तक निगम की पुस्तकों की मांग**

**देवास।** देवास स्टेशनरी एण्ड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजयसिंह सोलंकी ने बताया कि एसोसिएशन ने जिलाधीश के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें बताया गया कि नवीन सत्र 2026 से प्रारंभ हो रहा है जिसमें प्रायवेट स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 8 वीं में प्रायवेट प्रकाशन की पुस्तकें लगाई जाती है जो विशेष दुकान पर ही उपलब्ध होती है ।जिससे अभिभावकों को काफी परेशान होना पड़ता है। एसोसिएशन ने मांग की है कि प्रायवेट एवं सरकारी स्कूलों में एनसीईआरटी एवं म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम की पुस्तकें ही लगाई जाए।

अगर प्रायवेट स्कूलों में प्रायवेट पुस्तकें लगाई जाए तो प्रकाशक का पूर्ण नाम एवं विषय का पूर्ण टायटल लिखा जाए क्योंकि एक ही प्रकाशक की गई सीरिज होती हैं गत वर्षो में सिर्फ प्रकाशक का नाम शार्ट नेम और विषय लिखा गया है जिससे अभिभावक और दुकानदार परेशान हुए है। विषय की सूची स्कूल खुलने के दो माह पूर्व विक्रेता संघ को उपलब्ध करवाई जाए।

इस अवसर पर अजय संघवी, महिपालसिंह जाधव, अर्पित गुप्ता, शैलेन्द्र माहेश्वरी, रितेश जैन, दीपक रजवानी आदि उपस्थित थे।

# मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में व्याख्यान-रचना पाठ आज

**देवास।** साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद मध्य प्रदेश शासन भोपाल का आयोजन रखा गया है। इसमें इस बार मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में व्याख्यान एवं रचना पाठ वरिष्ठ नागरिक संस्था भवन मल्हार स्मृति गार्डन के पास होगा।

साहित्य अकादमी से जुड़े स्थानीय संयोजक मेहरबानसिह ने बताया कि कार्यक्रम 28 फरवरी रविवार को शाम 6.30 से प्रारंभ होगा जिसमें प्रथम सत्र में व्याख्यान रखा गया है तथा दूसरे सत्र में कविता पाठ की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत में साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे का सम्बोधन होगा। वरिष्ठ साहित्यकार जय शंकर शर्मा मैथिली शरण गुप्त पर अपना व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम का संयोजन राकेशसिंह के निर्देशन में होगा। दूसरे सत्र में आमंत्रित कवि, कवयित्रियों का कविता पाठ होगा। संगोष्ठी में सुशील व्यास सारंगपुर, राजेन्द्र विश्वकर्मा इंदौर, प्रिया खुशबू आगर मालवा, मनीषा व्यास इंदौर, भेरूलाल सौराष्ट्रीय एंटीना शाजापुर, सुरेश सन्नाटा नीमच, हरिसिंह पतंग नरसिंगढ़, सचिव सावन, रानी बड़ौद, सुरेन्द्र सिंह हमसफर देवास अपना रचना पाठ करेंगे। पहले सत्र का संचालन डॉ. मनीषा शर्मा एवं दूसरे सत्र का डॉ. जुगल किशोर राठौर करेंगे। राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास, शशिकांत यादव, जगदीश सेन, प्रो.एस.एन. त्रिवेदी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी विजय श्रीवास्तव, डॉ. पवन कुमार चिल्लौरिया ने सहभागिता का अनुरोध किया है

# समग्र जैन समाज महावीर जयंती समिति का गठन

**31 मार्च को मनाई जाएगी महावीर जयंती**

**देवास।** समग्र जैन समाज देवास द्वारा महावीर स्वामीजी जन्म कल्याणक महावीर जयंती मनाने हेतु सर्वानुमति से उत्सव समिति का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष विजय जैन , महासचिव शैलेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष जैन कायथा वाला, सचिव संजय कटारिया (सॉफ्ट एण्ड हार्ड ), कोषाध्यक्ष नितिन जैन मानव, उपाध्यक्ष पारस जैन इटावा, सहसचिव सतीश समरथमल जैन



एवं संयोजक अतुल जैन त्रिमूर्ति का मनोनयन हुआ। संरक्षक दिलीप दोषी एवं नरेश भंडारी मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्य मुकेश चौधरी, विशाल जैन, प्रदीप जैन तुमसरवाला , रिंकेश जैन, निलेश जैन , पारस जैन एवं सुनील जैन घोटू नियुक्त किए गए। आगामी 31 मार्च को समग्र जैन समाज देवास द्वारा महावीर जयंती भव्य पैमाने पर उत्साह पूर्वक मनाई जावेगी।

# आयुष विभाग ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ की गतिविधियां

**आयुर्वेद, योग, पंचकर्म, ऋतुचर्या और होम्योपैथी के साथ निदान की पहल**

**देवास।** आयुष विभाग देवास द्वारा बसेरा वृद्धाश्रम में गतिविधि सह स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्गों को स्वस्थ और प्रसन्न रहने के गुर सीखाए। स्वास्थ्य शिक्षा आधारित संवाद प्रदर्शनी भी लगाई गई। मध्यप्रदेश शासन के स्टेट एक्शन प्लॉन फॉर सीनियर सिटीज़न के अंतर्गत जिला प्रशासन, आयुष विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने वरिष्ठजनों के लिए प्रोग्राम फ़ॉर काइनेटिक एंड मेन्टल स्किल इम्प्रूवमेंट शिविर का आयोजन शुक्रवार को वृद्धाश्रम श्बसेराश् में



किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पेंशनर संघ के अध्यक्ष गंगा सिंह सोलंकी ने कहा कि यह सच्चे अर्थों में वृद्धजनों की सेवा है। उन्होंने वृद्धाश्रम की गतिविधियों और आयुष विभाग की सक्रियता की सराहना की। वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष ओपी पाराशर ने भी आयोजन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वृद्धों के समग्र विकास के लिए सरकार की चिंता सुखद है। जिला आयुष अधिकारी डॉ ममता जूनवाल ने कहा कि वृद्धजनों को निरोगी बनाने के लिए आयुष विभाग ने आयुर्वेद, योग, ऋतुचर्या तथा होम्योपैथी के शिविर आयोजित किए हैं। पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ प्रमोद जैन ने भी वरिष्ठजनों के समग्र विकास के लिए लगातार काम करने पर बल दिया। मनीष वैद्य ने कहा कि वृद्धजनों के पास परम्परा के साथ ही अपने पूरे जीवन से अर्जित ज्ञान के अनुभवों की अनूठी विरासत है। इससे हमारा समाज बहुत कुछ सीख सकता है। वृद्धजनों के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद, योग, पंचकर्म, ऋतुचर्या और होम्योपैथी के साथ बुजुर्गों के बीपी-शुगर की निशुल्क जाँच भी की गई। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ सुभाष भार्गव ने आभार व्यक्त किया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रांजलि भारद्वाज तथा डॉ आलोक जैन ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की. डॉ संजीव पाटीदार तथा डॉ दीपेश सोलंकी ने गतिविधियों में सहयोग किया।

# अमलतास सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में सामाजिक सुरक्षा योजना शिविर

**देवास।** ए.आर.टी. केन्द्र अमलतास सुपरस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवास डॉ. सरोजनी जैम्स बैक के मार्गदर्शन में ए.आर.टी केंद्र अमलतास अस्पताल में एक दिवसीय सामाजिक सुरक्षा योजना शिविर का आयोजन विभिन्न विभागों जैसे सामाजिक न्याय विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,श्रम विभाग, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जिला कौशल विकास




केन्द्र, आयुष्मान निरामय, नगर निगम, शिक्षा विभाग, आईटीआई, लोक सेवा केन्द्र के आदि विभागों के अधिकारियों एवं पी.एल.एच.आई.वी. की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा पी.एल. एच. आई. को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं उनकी संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया । डॉ. अफजल पटेल नोडल अधिकारी एआरटी सेंटर अमलतास अस्पताल द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना, एचआईवी एक्ट अधिनियम 2017 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया ।कैम्प मे उपस्थित एवं संबंधित प्रश्नोतर किये गये एंव आवश्यकतानुसार शासन की योजनाओ के लगभग 40-50 फार्म भरवाए गए ।उक्त शिविर मे लगभग -50 पी.एल. एच. आई. व्ही. लाभान्वित हुए। प्रतिभागियों को भोजन/स्वल्पाहार आदि का वितरण किया गया कार्यक्रम का आयोजन मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ.रत्ना शर्मा द्वारा किया गया

# राज्यपाल गहलोत का किया स्वागत

**भौंरासा।** नेवरी फाटे पर लक्ष्मण सिह गुर्जर व रामचरण धाकड़ महूडी,के नेतृत्व मे कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत का इंदौर से भोपाल की ओर बीआर रिजॉर्ट पर जाते समय नेवरी फाटे पर महामहिम गहलोत का पुष्प माला पहनाकर दुपट्टा डालकर गुर्जर के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर, अनिल चावड़ा, संजय जोशी, जय सिंह राणा, सुरेश मालवीय, मुकेश गोस्वामी, अजब सिंह धाकड़,करण सिंह यादव मेंबर कैलाश यादव, भारत सिंह यादव,



दौलत यादव, प्रकाश बड़वाया, कन्हैया लाल यादव, कैलाश यादव, भीम सिंह आचार्य, भारत कुमावत, महिपाल सिंह, सुमित रामचरण धाकड़, देवी सिंह, अंबाराम नागर, बलराम नागर,बने सिंह नागर, रितीक नागर, निलेश नागर, अखिलेश मालवीय, बाबूलाल कीर मौजूद रहे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव का सम्मान

**भौंरासा।** भोपाल से इंदौर जाते समय देवास भोपाल टोल टैक्स पर स्थित गौरव रेस्टोरेंट पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव के नेतृत्व में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सचिन यादव का कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने साफा बांधकर पुष्प माला पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विशाल गुर्जर ,कांति लाल यादव, रमेश चंद गुर्जर, दिनेश यादव ,दिलीप यादव, दिनेश चौहान,



मनोहर यादव, कालू गुर्जर, सोनू यादव, सुनील उप सरपंच, जितेंद्र यादव, रामेश्वर यादव ,प्रकाश कुशवाह, अर्जुन यादव, केदार यादव, तेजसिंह यादव, पवन यादव, लकी यादव, विजेंद्र यादव, कान्हा कुशवाह,आदि लोग मौजूद रहे।

**एक नजर में** — **जिला स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागी भोपाल विधानसभा में करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व**

# आपातकाल के 50 वर्ष लोकतंत्र के लिए सबक, युवा संसद का आयोजन

**देवास।** विकसित भारत अभियान के अंतर्गत 27 फरवरी शुक्रवार को स्व.तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। युवा संसद का शुभांरभ प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या प्राचार्य स्व.तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। युवा संसद 2026, राष्ट्रीय सेवा योजना उल भारत तथा भारत सरकार के युवा एवं खेल कल्याण मंत्रालय के सयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न किया जा रहा है। कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष लोकतंत्र के लिए संबक निर्धारित किया गया है। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास मुल्यों एवं संवेधानिक दायित्वों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने का प्रयास है। जिला स्तरीय युवा संसद 2026 में देवास जिले के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयो के पंजीकृत विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिला स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागी भोपाल विधानसभा में जिले का प्रतिनिधित्व करेगें। तत्पश्चात राज्य स्तर पर विजयी होने पर प्रतिभागियो को दिल्ली स्थित संसद में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

**जिलास्तर पर चयनित प्रतिभागी**

तनुजा सेंधव सोनकच्छ, सिद्वार्थ साहु कन्नोद, नीरज गुर्जर केपी देवास, किशन सिंह विज्ञान देवास, राजवीर सेंधव हाटपीपल्या, राज्य स्तर युवा संसद प्रतियोगिता में सहभागिता करेगें। जिला स्तर युवा संसद के सफल संचालन के लिये डॉ. ममता शाक्य, प्रो संदीप नागर, प्रो. राकेश कोठीया, प्रो.अंजली अग्रवाल, प्रो गिरीश शिव, प्रो.



श्याम कापडे, प्रो. प्रेमलता चौहान, प्रो. उषा गोड, प्रो. निगम, प्रो. शिवानी पटेल, प्रो. अंकुर विश्वकर्मा, प्रो. मेघा वाजपेयी, प्रो. संगीता गुप्ता, प्रो. रिषी चोपडा, प्रो. पुर्णिमा करील, प्रो. पुजा वर्मा, प्रो. प्रियंका सोंलकी, नितिन यादव, हितेश चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संदीप सिंह नागर ने किया एवं आभार डॉ. ममता शाक्य ने माना।